दिनांक 05 मार्च 2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

इंटरकनेक्शन का कार्य पूर्ण, 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र से टंकियों को पानी देना प्रारंभ

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत तीन स्थलों पर जारी इंटरकनेक्शन का कार्य आज पूर्ण हो गया है। कार्य पूर्ण होने के पश्चात 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र से उच्च स्तरीय जलागार को पानी देना प्रारंभ हो गया है आज सभी टंकियों को पानी देने का कार्य किया जाएगा एवं निगम क्षेत्रों में कल सुबह से पानी प्रदाय किया जाएगा। स्मृति नगर के क्षेत्र जल प्रदाय से प्रभावित हो सकते हैं यहां कल शाम को पानी आ सकता है ! स्मृतिनगर में कंक्रीटी करण सूखने के बाद यहां भी नलों से पानी आना शुरू हो जाएगा! इंटरकनेक्शन कार्य से प्रभावित निगम के क्षेत्रों में जल्द से जल्द पेयजल प्रदाय करने जलकार्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी देर रात तक कार्य में लगे हुए है। स्मृति नगर को 66 एमएलडी से कनेक्ट करने के लिए नेहरू नगर कार्यालय के समीप किए गए गड्ढे में लगभग 100 मीटर अतिरिक्त पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। नेहरू नगर चौक के समीप इंटरकनेक्शन के लिए किए गए गड्ढे वाले स्थल पर आज कार्य पूर्ण कर लिया गया। जल कार्य के प्र उप अभियंता बसंत साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि नेहरू नगर चौक पर चल रहे इंटरकनेक्शन का कार्य पूर्ण हो चुका है। स्मृतिनगर में पाइप फिटिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है कंक्रीटी करण होने के पश्चात इसे सूखने में समय दिया जाएगा , नेहरू नगर एवं गुरुद्वारा के समीप इंटरकनेक्शन के लिए पाइप की कटिंग, बैंड पाइप तथा वाल्व लगाकर कंक्रीटी करण किया जा चुका है! 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट से उच्च स्तरीय जलागार को जोड़ने के लिए इंटरकनेक्शन का कार्य किया जा रहा है।